गैर सरकारी कंपनियों द्वारा राजमार्गों का रख रखाव

3043. **श्री रामजीलालः क्या जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सड़कों के निर्माण/पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए कितनी निधियां आवंटित की गयी है;

(ख) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 8 के रख रखाव का कार्य गैर सरकारी कंपनी को सौंप दिया है;

(ग) यदि हां तो क्या सरकार ने उस राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर कर स्वयं निर्धारित कर दिया है अतवा उन्हें मनमाने ढंग से यह कर वसूलने दिया जाता है;

(घ) कम्पनी को कर वसून करने की अनुमति दिए जाने का आधार क्या है; और

(ङ) किस किस गैर सरकारी कंपनी को किस किस सड़क के रख रखाव का कार्य सौंपा गया है और उनके द्वारा उससे प्रतिवर्ष कितनी आय अर्जित की गई?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. देबेन्द्र प्रधान): (क) जुलाई, 98 तक 170 करोड़ रु.।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) कोई नहीं।

कांडला पत्तन न्यास का कार्यकरण

3044. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकीः** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कांडला पत्तन न्यास की कार्य योजना और उसके कार्यकरण की कोई अद्यतन पुनरीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सही है कि वित्तीय गबन, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे उसके कार्यकरण पर प्रतिकाल प्रभाव पड़ रहा है;

(ग) क्या सरकार ने कांडला पत्तन न्यास के शासी-निदेशक बोर्ड की कार्य प्रणाली के संबंध में कोई विशिष्ट टिप्पणियां की हैं; और

(घ) पिछले तीन वर्षों क दौरान कांडला पत्तन न्यास को हुए लाभ अथवा हानि का ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. देबेन्द्र प्रधान): (क) सरकार मासिक आधार पर पत्तन के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करती रही है।

(ख) जी नहीं.

(ग) जी नहीं।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान कांडला पत्तन न्यास का प्रचालन अधिशेष नीचे दर्शाया गया हैः

(करोड़ रु.)

वर्ष	प्रचालन अधिशेष
1994-95	63.06
1995-96	71.84
1996-97	80.77

World Bank assistance for highways in Bihar

3045. SHRI JANARDAN YADAV: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government arc considering to seek assistance from the World Bank for widening as well as improving the condition of highways in the country particularly in the State of Bihar; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (DR. DEBENDRA PRADHAN): (a) and (b) Government supports the proposal of seeking assistance from World Bank for widening and improving the conditions of highways in the country. No proposal for improving and widening of highways in the State of Bihar has been posed to the World Bank for loan assistance.